भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या 207 /ई–निविदा सह ई–नीलामी/विज्ञापन/भू0खनि0ई0/2018–19, दिनांक 08 जून, 2018

विज्ञापन

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून के विभागीय वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर वैध पंजीकृत बिडर्स हेतु राज्य के रिक्त राजस्व/वन क्षेत्र में उपलब्ध उपखनिज (आर0बी0एम0) के खनन क्षेत्र हेतु विज्ञापन संख्या 136/ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 04 मई, 2018 के द्वारा जनपद हरिद्वार, पौडी गढ़वाल, पिथौरागढ़ एवं उत्तरकाशी के कुल 52 उपखनिज लॉटों के लिए प्रथम चरण ई–निविदा विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जो कि राष्ट्रीय स्तर "भारतीय नागरिकों/कम्पनियों/फर्मों/सोसाइटी आदि" हेतु था। उक्त 52 लॉटों में से 49 उपखनिज लॉटों में अर्ह निविदादाता/बोलीदाता उपलब्ध न होने के कारण उक्त लॉट कार्यालय आदेश संख्या 202/भू0खनि0ई0/ई0निवि0सह0ई0नीला0/निरस्तीकरण/2018–19, दिनांक 01 जून, 2018 के द्वारा निरस्त करते हुए तथा उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के नियम 27(11)(4) के प्राविधानानुसार एवं शासनादेश संख्या 607/VII-I/2018/46ख/17टीसी, दिनांक 12 अप्रैल, 2018 के अनुसार राष्ट्रीय स्तर "भारतीय नागरिकों/कम्पनियों/फर्मों/सोसाइटी आदि" हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

2– विज्ञापन संख्या 101/ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 16 अप्रैल, 2018 के द्वारा दिनांक 17.04.2018 को विज्ञापित जनपद उधमसिंहनगर के 18 एवं पौडी गढ़वाल का 01 उपखनिज लॉट में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जो कि राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के बोलीदाताओं हेतु विज्ञापित किया गया था, उक्त 19 उपखनिज लॉट में से 04 उपखनिज लॉटों में अर्ह निविदादाता/बोलीदाता उपलब्ध न होने के कारण उक्त लॉट कार्यालय आदेश संख्या 202/भू0खनि0ई0/ई0निवि0सह0ई0नीला0/निरस्तीकरण/2018–19, दिनांक 01 जून, 2018 के द्वारा निरस्त करते हुए तथा उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के नियम 27(11)(4) के प्राविधानानुसार एवं शासनादेश संख्या 607/VII-I/2018/46ख/17टीसी, दिनांक 12 अप्रैल, 2018 के अनुसार राष्ट्रीय स्तर "भारतीय नागरिकों/कम्पनियों/फर्मों/सोसाइटी आदि" हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

3– विज्ञापन संख्या 36/ई0निवि0सह ई0नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 16 मार्च, 2018 के द्वारा दिनांक 17.03.2018 को विज्ञापित जनपद पौडी के 06 एवं उधमसिंहनगर का 01 उपखनिज लॉट विज्ञापित किया गया था, उक्त लॉटों में से जनपद एवं तहसील पौडी के ग्राम सरोडा, क्षेत्रफल 0.550 है0 में दिनांक 09.05.2018 को ऑनलाईन ई–नीलामी प्रक्रिया की जानी प्रस्तावित थी, परन्तु उक्त लॉअ हेतु सफल पाये गये 04 आवेदकों में से किसी भी आवेदक के द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया है, जिसके कारण उक्त लॉट की ई–निविदा सह ई–नीलामी संबंधी प्रक्रिया कार्यालय आदेश संख्या 202/भू0खनि0ई0/ई0निवि0सह0ई0नीला0/निरस्तीकरण/2018–19, दिनांक 01 जून, 2018 के द्वारा निरस्त की गयी थी, तथा अगले उच्च वर्ग राष्ट्रीय स्तर "भारतीय नागरिकों/कम्पनियों/ फर्मों/सोसाइटी आदि" हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

4– निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून के आदेश संख्या 245/जांच/गोपनीय/आई0टी0/भू0खनि0ई0/2018–19, दिनांक 02 मई, 2018, आदेश संख्या 258/जांच/गोपनीय/आई0टी0/भू0खनि0ई0/2018–19, दिनांक 03 मई, 2018 एवं आदेश संख्या 257/जांच/गोपनीय/आई0टी0/भू0खनि0ई0/ 2018–19, दिनांक 03 मई, 2018 के क्रम में जनपद उधमसिंहनगर के 03 लॉटों को ई–निविदा सह ई–नीलामी संबंधी पूर्व उल्लिखित कारणों से प्रक्रिया निरस्त की गयी है, को पुनः राज्य के स्थायी निवासी/स्थायी निवासियों की समिति, जो कॉपरेटिव सोसाइटी एक्ट/कम्पनी एक्ट अथवा पार्टनरशिप एक्ट एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अन्तर्गत पंजीकृत हो, के बोलीदाताओं के लिए पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

5– उक्त लॉटों का विवरण निम्नवत् है :– तालिका–1

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | उपखनिज लॉट 5.00 है0 से कम | | उपखनिज लॉट 5.00 है0 से 50.00 है0 तक | | उपखनिज लॉट 50.00 है0 से अधिक (राष्ट्रीय स्तर हेतु) | कुल लॉटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (राज्य स्तर हेतु) | (राष्ट्रीय स्तर हेतु) | (राज्य स्तर हेतु) | (राष्ट्रीय स्तर हेतु) | | |
| 1. | हरिद्वार | – | 12 | – | 08 | – | 20 |
| 2. | पौडी गढ़वाल | 01 | 26 | – | – | – | 27 |
| 3. | पिथौरागढ़ | – | 01 | – | – | – | 01 |
| 4. | उत्तरकाशी | – | 02 | – | – | – | 02 |
| 5. | उधमसिंहनगर | – | – | 03 | 02 | 02 | 07 |
| | योग :– | 01 | 41 | 03 | 10 | 02 | 57 |

1. ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व क्षेत्र में उपखनिज की मात्रा गुणवत्ता एवं खनन स्थल के लिए पहुंच मार्ग आदि के सम्बन्ध में मौके का परीक्षण कर बिडर स्वयं आश्वस्त हो लें। ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने के पश्चात इस समबन्ध में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. उपखनिज लॉटों की विस्तृत जानकारी, विशेष शर्तें तथा सामान्य अनुदेश संबंधी विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in तथा uktenders.gov.in पर लॉगइन कर प्राप्त की जा सकती है।
3. नये इच्छुक निविदाकारों के द्वारा विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in पर पंजीकरण हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 12.06.2018 (मंगलवार) सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। पूर्व में पंजीकृत वैध निविदाकारों को पुनः विभागीय वेब एप्लीकेशन पर पंजीकरण कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। वैध पंजीकृत निविदाकार अपने 16 अंकों के पंजीकरण संख्या के द्वारा लॉट हेतु आवेदन शुल्क जमा कर प्रतिभाग कर सकते है।
4. ऑनलाईन ई–निविदा डालने तथा ई–नीलामी बोलने की विधि का पूण विवरण सेवा प्रदाता संस्था भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तराखण्ड के वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर देखा जा सकता है।
5. विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in में इच्छुक वैध पंजीकृत व्यक्ति पृथक–पृथक खनन/चुगान क्षेत्र के लिए पृथक–पृथक आवेदक शुल्क पर्वतीय क्षेत्र हेतु रू0 50,000/– (रू0 पचास हजार मात्र) एवं मैदानी क्षेत्र हेतु रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक – 0853 अलौह खनन धातुकर्म एवं उद्योग–00, 102–खनिज रियासत शुल्क और स्वत्व शुल्क–01–00 में जमाकर, जी0एस0टी0 एवं आयकर आगणित कर समबन्धित विभागों के लेखाशीर्षक में जमा कराकर चालान/रसीद की स्कैन प्रति अपलोड की जायेगी जिसका सम्पूर्ण दायित्व आवेदक का होगा।
6. ई–निविदा सह ई–नीलामी की कार्यवाही दो चरणों में की जायेगी।
7. प्रथम चरण की कार्यवाही निम्मानुसार की जायेगी :–

तालिका–2

| प्रथम चरण (ई–निविदा)– (दिनांक 09.06.2018 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 28.06.2018 तक अपराह्न 05:00 बजे तक) | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन | दिनांक 09.06.2018 (शनिवार ) |
| uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 12.06.2018 ( मंगलवार ) सायं 5:00 बजे |
| विभागीय वैबसाइट www.dgm.uk.gov.in में पंजीकरण हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 12.06.2018 ( मंगलवार ) सायं 5:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई निविदा में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण की अवधि एवं समय– | दिनांक 20.06.2018 (बुधवार ) तक सांय 03:00 बजे तक |
| प्री बिड बैठक की दिनांक एवं समय | दिनांक 13.06.2018 ( बुधवार ) मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे – भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्यालय देहरादून के सभागार में। |
| प्री बिड के उपरान्त कोई संशोधन अपेक्षित हो तो तत्सम्बन्धी सूचना अपलोड किये जाने की तिथि | दिनांक 13.06.2018 ( बुधवार ) को सांय 05:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई–निविदा हेतु बिड सबमिशन की अवधि एवं समय | दिनांक 14.06.2018 ( बृहस्पतिवार ) प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 20.06.2018 ( बुधवार ) सांय 04:00 बजे तक। |
| ई–निविदा तकनीकी बोली खोलने की तिथि | दिनांक 21.06.2018 ( बृहस्पतिवार ) पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| ई–निविदा के तकनीकी मूल्यांकन की अवधि | दिनांक 22.06.2018 ( शुक्रवार ) अपराह्न 11:00 बजे से दिनांक 23.06.2018 (शनिवार ) अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| तकनीकी बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 25.06.2018 ( सोमवार ) अपराह्न 01:00 बजे |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की घोषणा | दिनांक 25.06.2018 ( सोमवार ) सांय 05:00 बजे |
| वित्तीय बोली (सफल घोषित निविदाकारों द्वारा निविदित उपखनिज की मात्रा) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 26.06.2018 ( मंगलवार ) मध्याह्न 12:00 बजे से प्रारम्भ |
| वित्तीय बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 28.06.2018 ( बृहस्पतिवार ) अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| ई–निविदा के परिणाम की घोषणा | दिनांक 28.06.2018 ( बृहस्पतिवार ) सांय 04:00 बजे। |
| प्रथम चरण की समाप्ति | दिनांक 28.06.2018 ( बृहस्पतिवार ) |

निदेशक